वर्ष 28 अंक 212
पृष्ठ 30
बरेली, शुक्रवार
14 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

एसआरएमएस में एमबीए का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एमबीए के बैच 2015-17 के शत-प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट हो गया है। कैंपस के 75 फीसद छात्रों का चयन गत वर्ष अक्टूबर माह में ही हो गया था, जबकि 25 प्रतिशत छात्रों को अब नियुक्ति पत्र मिल गए हैं। शत प्रतिशत प्लेसमेंट पर संस्था ने खुशी जताई है। विशाल मेगा मार्ट, आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज, टाटा कैपिटल लिमिटेड, सत्या माइक्रो फाइनेंस, पॉलिसी बाजार सहित दर्जनों राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनीज कैंपस प्लेसमेंट के लिए कॉलेज में आई थीं। एमबीए छात्रों का सर्वाधिक पैकेज 6 .5 लाख रुपये सालाना रहा है। जबकि न्यूनतम पैकेज 3 .5 लाख रुपये रहा है। इतना ही नहीं रिजल्ट भी शत प्रतिशत आया था। संस्थान ने इस उपलब्धि का श्रेय, शिक्षक और छात्रों को दिया है। समूह चर्चा, औद्योगिक क्षेत्रों के भ्रमण, वर्कशॉप, कार्यशाला आयोजन को भी सराहा गया। ट्रस्ट प्रशासक इंजीनियर सुभाष मेहरा ने कहा कि संस्था के लिए यह खुशी की बात है कि हमारे सभी बच्चों को अच्छी जॉब मिल गई। निदा इरफान, मोहित चौबे, गौरव मिश्रा, पूजा आनंद, अजय सिंह, लोकेश रंजन ने कहा कि संस्था में अच्छी पढ़ाई की बदौलत ही वो रोजगार के लायक बने।